दिन– बुधवार दिनांक– 07 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 08 मिनट

---

01. भारतीय सेना ने पाकिस्तान तथा पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुये ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर बनाये रखी नजर। सभी राजनीतिक दलों ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में सरकार का समर्थन किया।

03. पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में आज शाम सात बजे से नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का होगा आयोजन।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण कमला नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी से मधुबनी के जयनगर में बाढ़ के हालात।

———————————————————

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की। जिन ठिकानों पर सशस्त्र बलों ने हमला किया है, उन्हीं ठिकानों से भारत के विरूद्ध आतंकी हमलों के निर्देश दिए गए और योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर लगातर ऑपरेशन सिंदूर की निगरानी की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस ऑपरेशन के तहत कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई पूरी तरह से सटीक निशाने पर और गैर–उग्र प्रकृति की रही है। मंत्रालय ने बताया कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी बाद में दी जायेगी। इस संबंध में आकाशवाणी से आज सुबह नौ बजे और सवा नौ बजे विशेष न्यूज बुलेटिन का प्रसारण किया जायेगा।

———————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुये सोशल मीडिय एक्स पर पोस्ट में लिखा, भारत माता की जय।

वहीं, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करते हुये कहा है कि हम सभी को सेना पर गर्व है।

इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि आतंकवाद के विरूद्ध इस लड़ाई में एक सौ चालीस करोड़ भारतवासी भारतीय सेना और सरकार के साथ है।

————————————————————————————

पाकिस्तान समर्थक कई सोशल मीडिया मंचों द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में यह झूठा दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान की वायु सेना ने श्रीनगर के एयरबेस को निशाना बनाया है। पत्र सूचना कार्यालय के अनुसार साझा किया गया वीडियो पुराना है और यह भारत का नहीं है। यह वीडियो पिछले वर्ष पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई सांप्रदायिक झड़पों से संबंधित है। सोशल मीडिया पोस्ट में यह झूठा दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने भारतीय ब्रिगेड मुख्यालयों को नष्ट किया। पीआईबी ने कहा कि यह दावा झूठा है। कार्यालय द्वारा लोगों से असत्यापित सूचना साझा करने से बचने और प्रामाणिक सूचना के लिए भारत सरकार की आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने की अपील की गयी है।

————————————————————————————

प्रदेश के छह जिलों पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में आज शाम सात बजे से सात बजकर दस मिनट तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। इस अवधि में लोगों से किसी प्रकार की रौशनी का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है। बिजली कटने से पहले शाम छह बजकर अट्ठावन मिनट पर सायरन बजाया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों को भी वहीं रोक देने की अपील की गई है। इस अवधि में एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट रहेगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल एक सामान्य प्रक्रिया है और इससे लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान जहां कहीं भी कमी पायी जाएगी, उसमें सुधार किया जाएगा।

———बाइट———

इधर, पटना के जिला मजिस्ट्रेट डॉक्टर चंद्र शेखर सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान पूरी तरह से ब्लैक आउट रहेगा और सभी उपाय अपनाए जाएंगे क्योंकि यह युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहने का अभ्यास है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने केन्द्र सरकार से लोकसभा और विधानसभाओं के परिसीमन का काम तत्काल शुरू करने की मांग की है।

————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज कटिहार, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया और जमुई समेत दक्षिण–पूर्व बिहार के जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इधर पिछले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई क्षेत्रों में हुई वर्षा के कारण मधुबनी जिले के जयनगर में कमला नदी के जल स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इससे इलाके में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। इस बीच, जलस्तर में बढ़ोतरी से बराज निर्माण कार्य स्थल पर बना संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है।

————————————————————————

राज्य के पांच शहरों में खेले जा रहे हैं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे दिन आज बिहार के खिलाड़ी कई और पदकों की उम्मीद के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट–धर्मेन्द्र कुमार राय———41 सें.

प्रतियोगिता में महाराष्ट्र छह स्वर्ण सहित बाईस पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ऑपरेशन सिंदूर और मॉक ड्रिल से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारतीय सेना ने पाकिस्तान तथा पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुये ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर बनाये रखी नजर। सभी राजनीतिक दलों ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में सरकार का समर्थन किया।

03. पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में आज शाम सात बजे से नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का होगा आयोजन।

04. और, नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण कमला नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी से मधुबनी के जयनगर में बाढ़ के हालात।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।